बाबा सारे प्रेमी दर्शन को तरसते है

बाबा सारे प्रेमी दर्शन को तरसते है,
तेरी याद में नैना दिन रात बरसते है,
बाबा सारे प्रेमी दर्शन को तरसते है,

रूठ गये हम से क्यों ओ दुनिया की वाली,
किरपा बरसती नहीं झोली है ये खाली
तुझसे मिलने को दाता हम बहुत तड़पते है,
तेरी याद में नैना दिन रात बरसते है

तुझबीण कोई न मेरा बाबा हमारे,
हुआ क्या कसूर हमसे कुछ तो बतादे,
चौकठ पे मरने को हम भी तो तरसते है,
तेरी याद में नैना दिन रात बरसते है

मान भी जाओ भगवन हमे न सताओ,
दर्शन देके अपने चरणों से लगाओ,
किरपा तेरी को बाबा देवता भी तरसते है,
तेरी याद में नैना दिन रात बरसते है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16536/title/baba-sare-premi-darshan-ko-tarste-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |